# गेल के प्लेसमेंट पैनल में शामिल हुआ एचबीटीयू

## लिया फैसला

- पूर्व छात्र एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में पदाधिकारी चयनित
- नौकरी से लेकर स्टार्टअप स्थापित कराने में एसोसिएशन करेगी मदद



जागरण संवाददाता, कानपुर : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) में अब गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) कैंपस प्लेसमेंट करेगा। विश्वविद्यालय में 1995 बैच के छात्र रहे गेल के डिप्टी जनरल मैनेजर सुशील कुमार ने पूर्व छात्र सम्मेलन में एचबीटीयू को एचआर के जरिए अपने प्लेसमेंट पैनल में शामिल करने की जानकारी दी है। एचबीटीयू में तकनीक को समृद्ध बनाकर उसे नंबर वन तक पहुंचाने के लिए पूर्व छात्र कैंपस प्लेसमेंट के अलावा गेस्ट लेक्चर में भी संस्थान की मदद करेंगे।

एचबीटीयू के पूर्व छात्र अध्यनरत छात्रों के तकनीकी प्रशिक्षण व नौकरी के लिए विश्वविद्यालय में समय-समय पर कैंप लगाएंगे। इसके अलावा संस्थान पूर्व छात्रों ने एसोसिएशन व कंपनी से जोड़ने के लिए मोबाइल एप व वेबसाइट भी तैयार की है। इससे सभी पूर्व छात्रों के साथ अध्ययनरत छात्र जुड़ सकेंगे। पूर्व छात्र एसोशिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग में नवनियुक्त अध्यक्ष व केरल कैडर के आइपीएस अधिकारी आइजी बलराम उपाध्याय ने बताया कि छात्रों को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के साथ उन्हें कंपनियों से रूबरू कराने का काम भी एसोसिएशन करेगी। बैठक में एसोसिएशन के सचिव विवेक मिश्रा को चुना गया। पूर्व छात्र सम्मेलन के समन्वयक प्रो. आरके त्रिवेदी ने बताया कि छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान भी एसोसिएशन ने आयोजित करने की योजना बनाई है।